ॐ नमो भगवते वासुदेवाय
मध्य गुजरात का लोकप्रिय समाचार पत्र

गुजराती बोल

गुजराती बोल अर्थात गुजरात की आवाज

RNI No. 65261/97

हिन्दी दैनिक

Price Per Copy : Rs. 3.00

शुक्रवार, 09-02-2024



वर्ष - 27 * अंक - 211 * संपादक / प्रकाशक - खगेश के. शाह 9825034259 * सह संपादक - सुरजीत सिंह लोंगिया * सह संपादक - अनिता के. शाह

पाकिस्तान चुनाव-138 सीटों के रुझान, इमरान समर्थक 80 पर आगे: नवाज-बिलावल अपनी पर सीट पर लीड कर रहे

गुजराती बोल, इस्लामाबाद

पाकिस्तान में नेशनल असेंबली और प्रांतीय चुनाव के लिए वोटिंग खत्म होने के बाद काउंटिंग जारी है। मतदान सुबह 8:30 बजे शुरू हुआ और शाम 5:30 बजे तक चला। वोटिंग की गिनती के बीच रुझान भी आने लगे हैं। हालांकि आधिकारिक नतीजे शुक्रवार यानी 9 फरवरी तक ही आने की उम्मीद है।

पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से 265 सीटों पर चुनाव हो रहा है। बाकी सीटें रिजर्व हैं। वोटिंग के दौरान मुल्क में कई घंटे तक मोबाइल और इंटरनेट सर्विस करीब-करीब बंद रहीं। इस बीच, न्यूज चैनलों ने अपनी वेबसाइट्स से इलेक्शन रिजल्ट टैली हटा ली हैं। इमरान की पार्टी PTI के कार्यकर्ताओं ने दावा किया है कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार जीत रहे हैं इसलिए नतीजों में देरी की जा रही है। PTI के ओमारी अयूब के मुताबिक कई रिटर्निंग ऑफिसर्स के दफ्तरों में लगी स्क्रीन बंद कर दी गई है। जमात-उलेमा-ए इस्लाम के चीफ मौलाना फजल-उर-रहमान डेरा इस्माइल खान में अपनी सीट पर फिर से लीड करने लगे हैं। नेशनल असेंबली सीट नंबर 127 सीट पर बिलावल भुट्टो जरदारी नवाज की पार्टी पीएमएल-एन के कैंडिडेंट और पूर्व कानून मंत्री अता तरार के मुकाबले पिछड़ गए हैं। बिलावल को 7823 और तरार को 8632 वोट मिले हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की कैंडिडेट डॉक्टर सवीरा प्रकाश पीके 25 सीट पर चौथे नंबर पर चल रही हैं। यहां निर्दलीय रियाज खान 10270 वोट हासिल करके पहले स्थान पर हैं। सवीरा को सिर्फ 31 वोट मिल सके हैं। पाकिस्तान मिलिट्री के मीडिया विंग ISPR ने कुछ देर पहले एक बयान में लोगों को 'लगभग शांतिपूर्ण' मतदान के लिए बधाई दी। कहा- जनरल इलेक्शन में आर्म्ड फोर्सेस ने दूसरी एजेंसियों के साथ मिलकर अहम रोल अदा किया। इस दौरान एक लाख 37 हजार फौजी तैनात किए गए थे। चीफ इलेक्शन कमिश्नर सिकंदर सुल्तान रजा ने भी इसी तरह का बयान जारी कर लोगों का शुक्रिया अदा किया है। बड़े भाई नवाज के बाद पूर्व प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ भी अपनी सीट से पिछड़ गए थे। वो लगभग हजार वोट्स के साथ फिर से लीड करने लगे हैं। PML-N चीफ और प्रधानमंत्री पद के दावेदार माने जा रहे नवाज शरीफ लाहौर सीट से पीछे हो गए थे, उन्होंने अब फिर लीड करना शुरू कर दिया है। नवाज के खिलाफ इमरान की पार्टी PTI की मेंबर यास्मिन हैं और जेल से निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। वो 9 मई 2023 के हिंसा केस की अहम आरोपी हैं। कराची में रेंजर्स (पैरामिलिट्री फोर्स) पत्रकारों को अलग-अलग रिटर्निंग अफसरों के दफ्तरों में जाने

से रोक रहे हैं। पूर्व में इन्हीं ऑफिसों के जरिए चुनाव नतीजों में धांधली की जाती रही है। पाकिस्तान से भास्कर रिपोर्टर राणा माल्ही के मुताबिक- पाकिस्तान के तमाम न्यूज चैनलों की वेबसाइट्स ने इलेक्शन रिजल्ट टैली हटा दी है। काउंटिंग के दौरान इमरान खान की पार्टी PTI का भी रिएक्शन आया। PTI ने सोशल मीडिया पर कहा- फासिस्ट सरकार ने लोगों को मतदान से रोकने के लिए हर हथकंडा अपनाया, इसके बावजूद अवाम ने हौसले और साहस से भारी वोटिंग की। उसने जुल्म करने वाली ताकतों को नकार दिया है। ये इमरान खान, PTI और पाकिस्तान की बड़ी जीत है। पाकिस्तान की होम मिनिस्ट्री ने गुरुवार रात 8.30 बजे सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- मुल्क के कुछ हिस्सों में मोबाइल सर्विस बहाल की जा चुकी है। बहुत जल्द ये पूरे देश में बहाल हो जाएगी। पाकिस्तान के कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (TLP) के चीफ मौलाना साद रिजवी नेशनल असेंबली की सीट नंबर 50 से आगे चल रहे हैं। अब तक 265 में से 138 सीट के रुझान सामने आए हैं। इमरान की पार्टी के समर्थन वाले निर्दलीय 82 सीटों पर आगे हैं। 35 पर नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन और 17 पर पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के कैंडिडेट्स आगे है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के चीफ बिलावल भुट्टो जरदारी तीनों सीट (लाहौर, लरकाना और कंवर शहदकोट) से आगे चल रहे हैं। ARY न्यूज के मुताबिक खैबर पखतूनख्वा के स्वाबी इलाके में लोगों ने महिलाओं को मतदान नहीं करने दिया। इस इलाके में 6 हजार महिला मतदाता हैं। इसके अलावा पंजाब की NA-59 सीट पर भी एक भी महिला ने वोट नहीं डाला। बलूचिस्तान में एक बूथ के पीठासीन अधिकारी दावा किया है कि इलाके का SHO पोलिंग बूथ से 900 वोट उठाकर ले गया। उसने लिखित में शिकायत इस घटना की शिकायत भी की है। बिलावल भुट्टो लाहौर की NA-127 सीट से भी आगे। वो लाहौर की सीट जीतकर अपने नाना जुल्फिकार अली भुट्टो की जीत को रिपीट करना चाहते हैं। अगर वो जीते तो वो जुल्फिकार के बाद लाहौर से जीतने वाले भुट्टो खानदान के दूसरे शख्स होंगे। लाहौर शरीफ खानदान का गढ़ माना जाता है। खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर में शुरुआती रुझानों में सभी सीटों पर PTI के समर्थन वाले उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और PPP पार्टी के लीडर बिलावल भुट्टो कंबर शहादाकोट (NA-196) सीट से आगे चल रहे हैं। वहीं JUI-F के नासिर महमूद पीछे चल रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और PML-N सुप्रीमो नवाज शरीफ लाहौर में NA-130 की सीट से आगे चल रहे हैं। उनके खिलाफ यासमीन राशीद पीछ हैं। यासमीन इमरान खान की पार्टी से हैं। ये चुनाव वो जेल से लड़ रही हैं। वहीं नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज लाहौर की NA-119 सीट से आगे चल रही हैं। 9 मई को हुई हिंसा के बाद इमरान खान की पार्टी से अलग होकर अपनी पार्टी इंसतेखाम-ए-पाकिस्तान बनाने वाले जहांगीर खान तरीन अपनी सीट से पीछे चल रहे हैं। सिंध में शहीद बेनजीराबाद सीट से पूर्व राष्ट्रपति और बिलावल भुट्टो के पिता आसिफ अली जरदारी आगे चल रहे हैं। सियालकोट से पूर्व विदेश मंत्री और PML-N के नेता ख्वाजा मोहम्मद आसिफ लीड कर रहे हैं।

वित्त मंत्री ने लोकसभा में श्वेत पत्र पेश किया: इसमें कोयला, 2जी, कॉमनवेल्थ घोटाले का जिक्र, लिखा- UPA सरकार आर्थिक मैनेजमेंट में फेल रही

गुजराती बोल, नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में श्वेत पत्र पेश किया। इस पर कल (शुक्रवार को) चर्चा होगी। 59 पेज के श्वेत पत्र में 2014 से पहले और 2014 के बाद की भारतीय अर्थव्यवस्था की जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि किस तरह UPA सरकार के दस सालों में इकोनॉमी मिस मैनेजमेंट का नुकसान भारत को झेलना पड़ा।

श्वेत पत्र में लिखा है- 2014 में कोयला घोटाले ने देश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया था। 2014 से पहले कोयला ब्लॉकों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया का पालन किए बिना मनमाने आधार पर किया गया था। कोयला क्षेत्र को कॉम्पिटिशन और ट्रांसपेरेंसी से बाहर रखा गया था। एजेंसियों ने जांच की और 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने 1993 से आवंटित 204 कोयला खदानों/ब्लॉकों का आवंटन रद्द कर दिया।

यूपीए सरकार में 122 दूरसंचार लाइसेंसों से जुड़ा 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला हुआ। इसमें CAG के अनुमान के अनुसार सरकारी खजाने को 1.76 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। कोयला घोटाले में सरकारी खजाने को 1.86 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

हुआ। कॉमनवेल्थ गेम्स (सीडब्ल्यूजी) घोटाले ने राजनीतिक अनिश्चितता के माहौल का संकेत दिया।

संसद में बजट पेश करते हुए सीतारमण ने बताया था कि FDI यानी फर्स्ट डेवलप इंडिया। 2014-23 के दौरान 596 अरब डॉलर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) आया। यह 2005-2014 के दौरान आए FDI से दोगुना था। हम विदेशी पार्टनर्स से बाइलैट्रल इनवेस्टमेंट ट्रीटी (द्विपक्षीय निवेश के लिए समझौता) कर रहे हैं।

हालांकि इस पूरे घटनाक्रम के बीच संसद ने 2024-25 के लिए अंतरिम बजट को मंजूरी दे दी है। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल पर ब्लैक पेपर जारी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 साल में 411 विपक्षी विधायकों को अपनी तरफ मिलाया। वह डेमोक्रेसी खत्म कर रही है। कांग्रेस ने इसे 10 साल, अन्याय काल नाम दिया।

खड़गे ने कहा कि देश में जो सबसे बड़ा मुद्दा है, उसे भाजपा सरकार कभी नहीं उठाती। नेहरू के जमाने के HAL, HMT, BHEL को उन्होंने कभी नहीं बताया। इसमें कितने लोगों को बेहतरीन नौकरियां मिलीं, ये कभी नहीं बताया। गांवों में रोजगार कम हो रहे हैं, क्योंकि सरकार नरेगा का पैसा रिलीज नहीं कर रही। गैर-भाजपा शासित राज्यों जैसे केरल, कर्नाटक, तेलंगाना के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

खड़गे ने कहा कि मोदी कहते हैं कि अब इतने पैसे जमा हो रहे हैं, पहले क्यों नहीं होते थे, ऐसा कहकर वे अप्रत्यक्ष रूप में हैरेसमेंट और प्रेशराइज कर रहे हैं और इलेक्शन में पैसा लगा रहे हैं। ये पैसा डेमोक्रेसी को खत्म करने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा ने 10 साल में 411 विधायकों को अपनी तरफ ले लिया। मैं ये नहीं कहता कि कितने पैसे देकर खरीदा। आप लोग जानते हैं कि हमारी कितनी सरकारें चुनी हुई थीं जैसे मध्य प्रदेश, गोवा, मणिपुर, उत्तराखंड। यहां सरकारें कैसे गिरीं, आप जानते हैं। अगर वे डराकर हमें कमजोर करना चाहते हैं तो न कांग्रेस और न ही मैं इससे प्रभावित होंगे।

राज्यसभा से रिटायर हो रहे सदस्यों को विदाई देने पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- हमारे यहां कोई बच्चा कुछ अच्छा कर लेता है या अच्छे कपड़े पहन कर तैयार होता है, तो परिवार में कोई कहता है कि नजर लग जाएगी, इसलिए काला टीका लगा दो। इसलिए जो काला टीका लगाने का काम किया है, उसके लिए मैं खड़गे जी को धन्यवाद देता हूं।

हल्द्वानी में अवैध मदरसे को बुलडोजर से गिराया: विरोध में पथराव-आगजनी; SDM और पुलिसवाले घायल, इलाके में कर्फ्यू लगाया गया

गुजराती बोल, हल्द्वानी

उत्तराखंड में हल्द्वानी नगर निगम ने शहर में बने एक मदरसे को गुरुवार को बुलडोजर से गिरा दिया। यहां नमाज पढ़ने के लिए भी एक बिल्डिंग बनाई जा रही थी, उसे भी बुलडोजर से गिरा दिया गया। इससे गुस्साए लोगों ने नगर निगम की टीम पर हमला कर दिया। उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाने को चारों ओर से घेरकर पथराव किया। कई गाड़ियों को जला दिया। ट्रांसफार्मर में भी आग लगा दी, इससे इलाके में बिजली सप्लाई ठप हो गई। डीएम ने वनभूलपुरा में कर्फ्यू लगा दिया है और दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा- अतिक्रमण



कोर्ट के आदेश पर हटाया गया है। मौके पर पुलिस और केंद्रीय बलों की कंपनियां भेजी जा रही हैं। जिन लोगों ने हमला और आगजनी की है उनकी पहचान कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। बवालियों ने मदरसा ढहाने वाले बुलडोजर में भी तोड़फोड़ की। पथराव में SDM, पुलिस-निगमकर्मी, पत्रकार चोटिल हुए। पुलिस ने हवाई फायरिंग की और आंसू गैस के गोले छोड़कर उपद्रवियों को खदेड़ा। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया- मदरसा और नमाज वाली जगह पूरी तरह अवैध है। नगर निगम ने तीन एकड़ जमीन को कब्जा मुक्त कराकर मदरसे और नमाज स्थल को सील किया था। गुरुवार को इसे ध्वस्त किया गया। पथराव करने वाले अराजक तत्वों को पुलिस चिह्नित कर रही है। इधर, हल्द्वानी मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ पुलिस, इंटेलिजेंस के अन्य सीनियर ऑफिसर के साथ हालात की समीक्षा की। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। अराजक तत्वों से सख्ती से निपटने के निर्देश भी दिए। हल्द्वानी के खंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार मिश्र ने क्षेत्र के कक्षा 1 से 12 तक के सभी स्कूलों की 9 फरवरी को छुट्टी कर दी है।

भारत-म्यांमार के बीच बॉर्डर सील किया गया: लोगों की आवाजाही बंद, घुसपैठ रोकने के लिए गृह मंत्री शाह का फैसला

गुजराती बोल, नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि मंत्रालय ने भारत-म्यांमार के बीच फ्री मूवमेंट रिजीम (FMR) को खत्म करने का फैसला लिया है। इससे दोनों देशों के बीच बॉर्डर के पास रहने वाले लोगों का फ्री मूवमेंट बंद हो गया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर कहा- भारत की आंतरिक सुरक्षा और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों की डेमोग्राफी को बरकरार रखने के लिए यह फैसला किया गया है। इससे पहले अमित शाह ने असम में 20 जनवरी को ऐलान किया था कि भारत-म्यांमार के बीच बॉर्डर की फेंसिंग की जाएगी।

भारत म्यांमार के बीच 1600 किलोमीटर लंबा बॉर्डर है। 1970 में दोनों देशों के बीच फ्री मूवमेंट का एग्रीमेंट हुआ था। इसे ही फ्री मूवमेंट रिजीम यानी FMR कहा जाता है।

आखिरी बार इसे 2016 में रिन्यू किया गया था। इससे दोनों देशों के लोगों को एक दूसरे के क्षेत्र में बिना किसी डॉक्यूमेंट के जाने की इजाजत मिलती है। शाह ने यह घोषणा उस वक्त की है जब म्यांमार में विद्रोही गुटों और सेना के बीच लड़ाई तेज हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नवंबर से अब तक भारत में 600 सैनिक घुस आए थे। मिजोरम सरकार ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र से मदद मांगी थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जनवरी में म्यांमार से भागे सैनिकों

ने मिजोरम के लांग्टलाई जिले के तुईसेंटलांग में असम राइफल्स के पास शरण ली थी। सैनिकों ने बताया था कि पश्चिमी म्यांमार राज्य के रखाइन में एक हथियारबंद विद्रोही गुट अराकन आर्मी (AA) के उग्रवादियों ने उनके शिविरों पर कब्जा कर लिया, जिसके बाद वे भागकर भारत आए।

बीते एक दशक में अराकन आर्मी म्यांमार में सबसे ताकतवर विद्रोही गुट बनकर उभरा है। मिजोरम और म्यांमार के चिन प्रांत के बीच 510 किलोमीटर लंबी सीमा है।

यंग मिजो एसोसिएशन के सचिव लालनुन्तलुआंगा कहते हैं कि भारत और म्यांमार की सीमा से इधर-उधर जाना आसान है। बॉर्डर के दोनों तरफ 25 किलोमीटर तक जाने की छूट है। ऐसे में म्यांमार से लोग आसानी से भारत पहुंच जाते हैं।

आइजॉल के गवर्नमेंट जॉनसन कॉलेज में प्रोफेसर डेविड लालरिनछाना का कहना है कि म्यांमार के चिन और मिजोरम के मिजो लोगों के बीच अच्छे रिश्ते हैं। ये अपने को एक-दूसरे का पूर्वज मानते हैं। यही वजह है कि चिन विस्थापितों लोगों को मिजोरम में सहयोग मिलता है।

म्यांमार में फरवरी 2021 में तख्तापलट के बाद से अवैध प्रवासियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इस दौरान करीब 40 हजार शरणार्थियों ने मिजोरम में पनाह ली। वहीं करीब 4 हजार रिफ्यूजी मणिपुर पहुंचे।

फरवरी 2021 में म्यांमार की सेना ने लोकतांत्रिक सरकार को हटाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया। वहां की स्टेट काउंसलर आंग सान सू की और राष्ट्रपति विन मिंट समेत कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था।

इसके बाद मिलिट्री लीडर जनरल मिन आंग हलिंग ने खुद को देश का प्रधानमंत्री घोषित कर दिया था। सेना ने देश में 2 साल के आपातकाल की घोषणा की थी। इसके बाद से म्यांमार में गृह युद्ध चल रहा है, जिसके कारण बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं। मिजोरम पुलिस के मुताबिक बीते कुछ महीनों से भारत-म्यांमार सीमा के आसपास गतिविधियां बढ़ी हैं। हजारों की संख्या में म्यांमारी लोग भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। अपनी ताकत के विस्तार करने में जुटा चीन अपने पड़ोसी देशों की आंतरिक अशांति का भी फायदा उठा रहा है। फरवरी 2021 में जब म्यांमार की सेना ने चुनी हुई सरकार को हटाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया, तो चीन ने इसे 'बड़ा कैबिनेट फेरबदल' कहा था।

जेसीबी का रंग पीला ही क्यों होता है, लाल या सफेद क्यों नहीं? क्या है इस मशीन का असली नाम

जेसीबी मशीन का नाम बोलते ही पीले रंग की एक दैत्याकार मशीन की तस्वीर सामने आती है, जो कुछ ही समय में बड़ी-बड़ी इमारतों को ढहा देती है. लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि इस मशीन का असली नाम क्या है और दुनियाभर में इसका रंग पीला ही क्यों होता है?



देश के कई राज्यों में अवैध इमारतों और ढांचों को गिराने के लिए एक खास मशीन का इस्तेमाल किया जाता है. लोग इसे जेसीबी मशीन कहते हैं. पीले रंग की ये मशीन इतनी बड़ी होती है कि कुछ ही देर में बड़े-बड़े ढांचों को ढहा देती है. वहीं, कंस्ट्रक्शन साइट्स पर भी जेसीबी मशीनों का खुदाई के लिए खूब इस्तेमाल किया जाता है

इमारतों को ढहाने के लिए दूसरी जिस मशीन का इस्तेमाल किया जाता है, उसे बुलडोजर कहा जाता है. बुलडोजर का इस्तेमाल सड़क निर्माण में भी किया जाता है. लेकिन, खास बात ये है कि इसका रंग भी जेसीबी मशीन की ही तरह पीला रहता है. क्या आपने कभी सोचा है कि जेसीबी मशीन और बुलडोजर का रंग पीला ही क्यों होता है?

मौजूदा दौर में जेसीबी मशीन और बुलडोजर का रंग बेशक पीला होता है, लेकिन कभी इनका रंग लाल और सफेद होता था. बाद में कुछ खास कारणों को ध्यान में रखते हुए इनका रंग पीला किया गया. दरअसल, कंपनी ने मशीनों की डिमांड बढ़ने पर इस मशीन का रंग बदलना शुरू किया था. हालांकि, इसका कारण डिमांड बढ़ने के बजाय सुरक्षा था.

दरअसल, जब लाल और सफेद रंग की जेसीबी मशीनें कंस्ट्रक्शन साइट्स पर काम करती थीं, तो दूर से दिखाई देने में दिक्कत आती थी. वहीं, रात में तो सफेद-लाल रंग की मशीनें नजर ही नहीं आती थी. फिर कंपनियों ने जेसीबी मशीन का रंग पीला कर दिया, ताकि इन्हें दूर से देखा जा सके. पीले रंग की वजह से ही ये रात में भी आसानी से नजर आ जाती हैं.

अब हम आपको बता दें कि जेसीबी इस मशीन का असली नाम नहीं है. जेसीबी इस मशीन को बनाने वाली कंपनी का नाम है. इसे बनाने वाली कंपनी जोसेफ सिरिल बामफोर्ड एक्सावेटर्स लिमिटेड की स्थापना 1945 में जोसेफ सिरिल बामफोर्ड ने की थी. दरअसल, कंपनी का नाम ही अब इस मशीन का पर्याय बन गया है.

जिसे हम जेसीबी मशीन कहते हैं, उसका असली नाम 'बैकहो लोडर' है. भारत, ब्रिटेन और आयरलैंड में जेसीबी शब्द का इस्तेमाल अक्सर यांत्रिक खुदाई करने वालों के लिए सामान्य तौर पर इस्तेमाल किया जाता है. यहां तक कि ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी में भी जेसीबी शब्द दिखाई देने लगा है. हालांकि, इसे अभी भी एक ट्रेडमार्क के तौर पर रखा गया है.

अयोध्या से 1600 किमी दूर हुआ चमत्कार! नदी में मिली हजार साल पुरानी भगवान विष्णु की प्रतिमा, रामलला जैसी है आभा

गुजराती बोल, नई दिल्ली

कर्नाटक के रायचूर जिले में 'चमत्कार' हुआ है। एक गांव में कृष्णा नदी से भगवान विष्णु की प्रतिमा मिली है। भगवान विष्णु की ये प्रतिमा करीब हजार साल पुरानी बताई जा रही है। खास बात ये है कि ये प्रतिमा बिल्कुल रामलला की नवनिर्मित प्रतिमा से मिलती-जुलती है। बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्रतिमा स्थापित की गई है। पुरातत्ववेत्ताओं के अनुसार ये प्रतिमा 11वीं या 12वीं शताब्दी की हो सकती है।

राम नगरी अयोध्या से करीब 1600 किमी दूर एक नदी से भगवान विष्णु की प्राचीन प्रतिमा मिली है। खास बात है कि भगवान विष्णु की ये प्रतिमा रामलला की प्रतिमा जैसी है। विशेषज्ञों का कहना है कि ये प्रतिमा करीब हजार साल पुरानी हो सकती है। भगवान विष्णु के इस विग्रह के साथ ही एक प्राचीन शिवलिंग भी मिला है। भगवान विष्णु के इस विग्रह का रूप-रंग और स्वरूप अयोध्या में राम लला के भव्य-दिव्य मंदिर में स्थापित

विग्रह से मिलता-जुलता है। भगवान विष्णु की इस प्रतिमा के प्रभामंडल के चारों ओर 'दशावतारों' को उकेरा गया है। प्रतिमा पर मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिम्हा, वामन, राम, परशुराम, कृष्ण, बुद्ध और कल्की अलंकृत हैं। विष्णु जी की प्रतिमा के चार हाथ हैं, जिसमें दो ऊपर उठे हाथ शंख और चक्र से सुसज्जित हैं। नीचे की ओर सीधे किए दो हाथ आशीर्वाद की मुद्रा में हैं। इनमें एक 'कटि हस्त' और दूसरा 'वरद हस्त' है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्रतिमा एक मंदिर के गर्भगृह का हिस्सा रही होगी। हो सकता है कि इसे मंदिर में हुई तोड़फोड़ से बचाने के लिए नदी में डाला गया होगा। इस प्रतिमा को थोड़ी क्षति पहुंची है। विग्रह की नाक थोड़ी क्षतिग्रस्त है। भगवान विष्णु की इस प्रतिमा के प्रभामंडल के चारों ओर 'दशावतारों' को उकेरा गया है। प्रतिमा पर मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिम्हा, वामन, राम, परशुराम, कृष्ण, बुद्ध और कल्की अलंकृत हैं। विष्णु जी की प्रतिमा के चार हाथ हैं, जिसमें दो ऊपर उठे हाथ शंख और चक्र से सुसज्जित हैं। नीचे की ओर सीधे किए दो हाथ आशीर्वाद की मुद्रा में हैं। इनमें एक 'कटि हस्त' और दूसरा 'वरद हस्त' है।

आप के नाम में छुपा है राम का नाम!

एक बार पुरा #गणित लगाकर देख ले आश्चर्य चकित हो जाएगे।

: अद्भुत गणित

अदभुत गणितज्ञ "श्री.तुलसीदासजी से एक भक्त ने पूछा कि महाराज आप श्रीराम के इतने गुणगान करते हैं , क्या कभी खुद श्रीराम ने आपको दर्शन दिए हैं ? तुलसीदास बोले :- " हां " भक्त :- महाराज क्या आप मुझे भी दर्शन करा देंगे ??? तुलसीदास :- " हां अवश्य " ....तुलसीदास जी ने ऐसा मार्ग दिखाया कि एक गणित का विद्वान भी चकित हो जाए !!! तुलसीदास जी ने कहा , ""अरे भाई यह बहुत ही आसान है !!! तुम श्रीराम के दर्शन स्वयं अपने अंदर ही प्राप्त कर सकते हो.""

हर नाम के अंत में राम का ही नाम है।

इसे समझने के लिए तुम्हे एक "सूत्रश्लोक " बताता हूँयह सूत्र किसी के भी नाम में लागू होता है !!!

भक्त :-" कौनसा सूत्र महाराज ?"

तुलसीदास :- यह सूत्र है ...

नाम चतुर्गुण पंचतत्व मिलन तासां द्विगुण प्रमाण

तुलसी अष्ट सोभाग्ये अंत मे शेष

राम ही राम

इस सूत्र के अनुसार

अब हम किसी का भी नाम ले और उसके अक्षरों की गिनती करें..

1)उस गिनती को (चतुर्गुण) 4 से गुणाकार करें

2) उसमें (पंचतत्व मिलन) 5 मिला लें

3) फिर उसे (द्विगुण प्रमाण) दुगना करें

4)आई हुई संख्या को (अष्ट सो भागे) 8 से विभाजित करें।

"" संख्या पूर्ण विभाजित नहीं होगी और हमेशा २ शेष रहेगा!!! ...

यह 2 ही राम है। यह 2 अंक ही राम अक्षर हैं।.

विश्वास नहीं हों रहा है ना???

चलिए हम एक उदाहरण लेते हैं ...

आप एक नाम लिखें , अक्षर कितने भी हों !!!

उदाहरण के लिए :- निरंजन... 4 अक्षर

1) 4 से गुणा करिए 4x4=16

2)5 जोड़िए 16+5=21

3) दुगने करिए 21×2=42

4)8 से विभाजन करने पर 42÷8= 5 पूर्ण अंक , शेष 2 !!!

शेष हमेशा दो ही बचेंगे,यह बचे 2 अर्थात् - "राम" !!!

विशेष यह है कि सूत्रश्लोक की संख्याओं को तुलसीदासजी ने विशेष महत्व दिया है!!

1) चतुर्गुण अर्थात् 4 पुरुषार्थ :- धर्म, अर्थ, काम,मोक्ष !!!

2) पंचतत्व अर्थात् 5 पंचमहाभौतिक :- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु , आकाश!!!

3) द्विगुण प्रमाण अर्थात् 2 माया व ब्रह्म !!!

4) अष्ट सो भागे अर्थात् 8 आठ प्रकार की लक्ष्मी (आग्घ, विद्या, सौभाग्य, अमृत, काम, सत्य, भोग आणि योग

लक्ष्मी) अथवा तो अष्टधा प्रकृति।

अब यदि हम सभी अपने नाम की जांच इस सूत्र के अनुसार करें तो आश्चर्यचकित रह जाएंगे कि हमेशा शेष 2 ही प्राप्त होगा ...!!

इसी से हमें श्री तुलसीदास जी की बुद्धिमानी और अनंत रामभक्ति का ज्ञान होता है !!!

जय बाबा तुलसी दास

जय श्री राम

हार्ट ट्रांसप्लांट के बाद 40 साल से जिंदा शख्स

गुजराती बोल

हार्ट ट्रांसप्लांट के वक्त सबसे बड़ा सवाल यही होता है कि यह कितने दिनों तक चलेगा? इंसान दूसरे के हार्ट के सहारे कितने दिन तक जिंदा रह सकता है. कई डॉक्टर कहते हैं कि सही खानपान हो तो इंसान 20 साल तो आराम से जिंदा रह सकता है. कुछ रिसर्च 30 साल तक का दावा भी करती हैं. लेकिन एक शख्स ने इन सारे दावों को पलट दिया है. हार्ट ट्रांसप्लांट के बाद यह शख्स 40 साल से जिंदा है और कोई दिक्कत नहीं आई. यही वजह है कि इन्हें गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह दी गई है. आज तक कोई भी शख्स हार्ट ट्रांसप्लांट के बाद इतने दिनों तक जिंदा नहीं रहा. बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, नीदरलैंड के रहने वाले बर्ट जानसन जब 17 वर्ष के थे, तो उनमें फ्लू जैसे लक्षण विकसित हुए. डॉक्टरों को दिखाया तो पता चला कि वे कार्डियोमायोपैथी से पीड़ित हैं. हेयरफील्ड अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें हार्ट ट्रांसप्लांट करने की सलाह दी. बर्ट जानसन पर तो जैसे पहाड़ टूट गया हो. इस छोटी सी उम्र में दिल ने ठीक से काम करना बंद कर दिया. किसी के लिए भी यह चिंता की बात होगी. वह भी आज से 40 साल पहले की बात है. जानसन ने हामी भर दी, तो ट्रांसप्लांट के लिए डोनर तलाशा जाने लगा. 30 हार्ट की जांच की गई, लेकिन कोई भी मैच नहीं कर पाया. बाद में लंदन में कार एक्सिडेंट में मारे गए एक शख्स का हार्ट मैच कर गया. 6 जून 1984 को डॉक्टरों ने हार्ट ट्रांसप्लांट किया. और काफी तेजी से ठीक भी हो गए. जानसन ने कहा, मैं उस शख्स का हमेशा से आभारी रहूंगा, जिसकी वजह से आज मैं जिंदा हूं. आप जानकर हैरान होंगे कि जानसन एक कुशल ग्लाइडर पायलट हैं. इसी हार्ट के सहारे वे हवाई उड़ान भरते हैं.

आज का सच
विधा : कविता

मियां-बीबी दोनों मिलकर कमाते हैं
तीस लाख का पैकेज दोनों पाते हैं
सुबह सुबह नौकरी पर जाते हैं
देर रात तक वापिस आते हैं।।
परिवारिक रिश्तों से कतराते हैं
अकेले रहकर कैरियर बनाते हैं
कुछ मांग न ले इसलिए मुंह छुपाते हैं
भीड़ में रहकर भी अकेले रह जाते हैं।।
मोटे वेतन की नौकरी छोड़ नहीं पाते ।
अपने बच्चों को पाल नहीं पाते।
फुल टाइम की मेड ऐजेंसी से लाते है।
जिसके जिम्में बच्चें छोड़ जाते हैं।।
परिवार वालो को बच्चा नहीं जानता।
केवल आया'आंटी' को वो पहचानता।
दादा -दादी ,नाना-नानी कौन होते है?
अनजान है सबसे किसी को न मानता।।
आया ही नहलाती है आया ही खिलाती है
टिफिन भी रोज़ आया ही बनाती है।
ड्रेस पेहना के स्कूल बस में बिठाती है।
छुट्टी के बाद बस से आया ही घर लाती है।
नींद जब आती है तो आया ही सुलाती है
जैसी भी आती है लोरी वो सुनाती है।
बच्चे सुलाने में वो ही सो जाती है।
बच्चा मचलता है तो टीवी दिखाती है।।
टीचर जो बताते है उसे ही वो मानते है।
देसी खाना छोड़कर पीजा बर्गर खाते है।
वीक एंड पर मौल में पिकनिक मनाते है।
संडे की छुट्टी मौम-डैड के संग बिताता है।।
वक्त नही रुकता है तेजी से गुजर जाता है
वह स्कूल से निकल के कालेज में आता है
कान्वेन्ट में पढ़ने पर इंडिया कहा भाता है
आगे पढ़ाई करने वह विदेश चला जाता है
वहां नये दोस्त बनते हैं उनमें रम जाता है।।
मां-बाप के पैसों से ही खर्चा चलाता है
धीरे-धीरे वही की संस्कृति में रंग जाता है
मौम डैड से रिश्ता पैसों का रह जाता है
फिर काम भी उसे वही मिल जाता है।।
जीवन साथी ढूंढ़ कर वहीं बस जाता है
माँ बाप ने जो देखा ख्वाब वो टूट जाता है
बेटे के दिमाग में भी कैरियर रह जाता है
बुढ़ापे में माँ-बाप अकेले रह जाते हैं।।
जिनकी अनदेखी की उनसे आँखें चुराते हैं
क्यों इतना कमाया ये सोच के पछताते हैं
घुट घुट कर जीते हैं खुद से भी शरमाते हैं
हाथ पैर ढीले हो जाते चलने में दुख पाते हैं
दाढ़- दाँत गिर जाते मोटे चश्में लग जाते हैं
कमर झुक जाती, सुन कान से नहीं पाते हैं
वृद्धाश्रम में रहकर जिंदा ही मर जाते हैं
सोचना की बच्चे अपने लिए पैदा कर रहे हो
या विदेश की सेवा के लिए...?
बेटा एडिलेड में, बेटी है न्यूयार्क।
ब्राईट बच्चों के लिए, हुआ बुढ़ापा डार्क।
बेटा डालर में बंधा, सात समन्दर पार।
चिता जलाने बाप की, गए पड़ोसी चार।
ऑन लाईन पर हो गए, सारे लाड़ दुलार।
दुनियां छोटी हो गई, रिश्ते है बीमार।
बूढ़ा-बूढ़ी आँख में, भरते खारा नीर।
हरिद्वार के घाट की, सिडनी में तकदीर।।
तेरे डालर से भला, मेरा इक कलदार।
रूखी-सूखी में सुखी, अपना घर संसार।
बस अपना घर संसार।।

संजय जैन "बीना" मुंबई
06/02/2024

राजनीति का आकाश और अणुव्रत सांसद संगोष्ठी

नई दिल्ली के संसद भवन में अणुव्रत अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में अणुव्रत विश्व भारती के तत्वावधान में अणुव्रत संसदीय मंच द्वारा संगोष्ठी का आयोजन

नीति गोपेन्द्र भट्ट, नई दिल्ली

केंद्रीय कानून,संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री एवं अणुव्रत संसदीय मंच के संयोजक अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि चुनाव आयोग राजनीतिक पार्टियों और नेताओं के लिए चुनाव से कुछ समय पूर्व ही आचार संहिता लागू करता है जबकि अणुव्रत अनुशास्ता महान संत आचार्य तुलसी ने अपनी दूरदर्शी सोच से वर्षों पूर्व स्वयं द्वारा प्रवर्तित अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से न केवल नेताओं बल्कि आम व्यक्ति के लिए सटीक आचार संहिता बना दी थी जोकि आज भी सर्वाधिक प्रासंगिक है।

मेघवाल नई दिल्ली में पुराने संसद भवन के संविधान सदन कक्ष में अणुव्रत अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में अणुव्रत विश्व भारती के तत्वावधान में साध्वीश्री अणिमाश्री जी के सानिध्य में अणुव्रत संसदीय मंच द्वारा " राजनीति का आकाश और अणुव्रत" विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिभा भौमिक,विभिन्न प्रदेशों के सांसद गण,साध्वी वृन्द और अणुव्रत की विभिन्न घटक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि गण उपस्थित रहें।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि यह सुखद संयोग ही है कि देश की आजादी के साथ ही यह वर्ष अणुव्रत का भी अमृत काल वर्ष है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी स्वयं प्रेक्षाध्यान करते है और अणुव्रत के सिद्धांतों के अनुरूप संकल्प से सिद्धि की भावना से देश की सेवा में

जुटे हुए है। इसी प्रकार आरएसएस के सर संघचालक डा मोहन भागवत भी प्रतिवर्ष तीन दिनों तक आचार्य महाश्रमण के सानिध्य में रह कर और उनसे भेंट कर अणुव्रत को अंगीकार करते हैं।

मेघवाल ने कहा कि अणुव्रत अणुबम से भी अधिक ताकतवर है,क्योंकि अणुव्रत रचनात्मकता से भरा हुआ है जबकि अणुबम विध्वंसकारी है। उन्होंने कहा कि अणुव्रत आचार्य महाश्रमण, आचार्य तुलसी एवं आचार्य महाप्रज्ञ द्वारा प्रतिपादित अणुव्रत के छोटे-छोटे लेकिन बड़े उद्देश्य वाले सिद्धांतों को तेजी से आगे बढ़ा रहें है।

मेघवाल ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी और सुषमा स्वराज के बाद उन्हें अणुव्रत संसदीय मंच के संयोजक का दायित्व मिलना सौभाग्य का विषय है।

भारतीय संस्कृति ऋषि और कृषि प्रधान- साध्वी अणिमाश्री

इस अवसर पर अपने आशिवर्चन में साध्वी अणिमाश्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सानिध्य में अयोध्या में भगवान राम लला की दिव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होना पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति की मर्यादा, सत्य, चरित्र और मर्म के साथ ही हमारे सनातन धर्म के वसुधैव कुटुम्बकम् की भावनाके साथ ही एक विश्व,एक समाज और एक चुनाव का संदेश देने वाला है।

साध्वी अणिमाश्री ने कहा कि आज दुर्भाग्य से दुनिया आतंकवाद की समस्या के दंश से घिरी हुई है और इससे आचार्य तुलसी द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों से ही उबरा जा सकता है। आज विश्व के सभी देशों को किसी भी निरपराधी की हत्या नही करने का संकल्प लेना होगा।

उन्होंने कहा कि आचार्य तुलसी एक दिव्य पुरुष थे जिन्होंने जीव मात्र के कल्याण के लिए सौ वर्षों से अधिक दूर की सोच रखते हुए मानव निर्माण की शानदार बुनियाद रखी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ऋषि और कृषि प्रधान है जो एक ओर जीवों की उदर पूर्ति एवं आजीविका के उपक्रमों को दर्शाती है। साथ ही बेजोड़ आध्यात्मिकता और जीवन दर्शन का संदेश भी देती है। साध्वीश्री ने कहा कि सयंम आत्मानुशासन से ही संभव है और व्रत की चेतना में ही वह ताकत है जो सयंम और साधना का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने सांसदों का आह्वान किया कि जन प्रतिनिधियों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे स्वयं के साथ समाज में नैतिकता और चारित्रिक उन्नयन तथा नैतिकता को पुनर्जीवित करने की जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करें तभी समाज में व्याप्त हो रही बुराइयों, नैतिक ह्रास एवं पतन को रोका जा सकेगा। साध्वीश्री ने बताया कि भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद से लेकर देश के अनेक नेता अणुव्रत के अनुयायी बने हैं ।

संगोष्ठी में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिभा भौमिक ने कहा कि जैन समाज ने देश में ही नही पूरे विश्व में अपने कारोबार, व्यवसाय और उद्योग धंधों आदि से भारत की धाक जमाई है। साथ ही इनका देश की जीडीपी को बढ़ाने में भी अतुलनीय योगदान रहा है।

इस मौके पर इंदौर के सांसद शंकर लाल लालवानी,जम्मू कश्मीर के जुगल किशोर, वडोदरा की रंजना भट्ट,जयपुर के राम चरण बोहरा,सिरसा की सुनीता दुग्गल,मेरठ के राजेन्द्र अग्रवाल, कर्नाटक के लहर सिंह सिरोया, महसाना की शांता बहन आदि ने अणुव्रत संसदीय मंच की सराहना करते हुए संयम, अपरिग्रह, नैतिकता, सत्य, अहिंसा के मूल मंत्रों को अंगीकार करने के साथ ही युवा पीढ़ी में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।

समारोह के प्रारंभ में साध्वीश्री सुधा प्रभा जी, साध्वीश्री सम्यक्तव यशा जी एवं समणी स्वर्णप्रज्ञा नें अणुव्रत गीत से मंगलाचरण किया। अणुव्रत विश्व भारती के अध्यक्ष अविनाश नाहर ने अपने स्वागत भाषण में अणुविभा द्वारा संपादित किये जा रहे विभिन्न प्रकल्पों को सांसदो के समक्ष प्रस्तुत करते हुए उनसे सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने सांसदों को अणुव्रत के जीवन विज्ञान पाठ्यक्रम की जानकारी भी दी और बताया कि देश की कई प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी और शिक्षण संस्थाएं इसे संचालित कर रही है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए अणुविभा की संगठन मंत्री डॉ कुसुम लुनिया ने बताया कि अणुव्रत जीवन परिष्कार की भव्य प्रक्रिया है। इसके शाश्वत मूल्यों के साथ ही सांसद राजनीति के आकाश में स्थिर रह सकते हैं। संगोष्ठी के अंत में महामंत्री भीखम सुराणा ने सभी का आभार ज्ञापन किया। संगोष्ठी में सांसद राहुल कस्वां, रतन सिंह,गीता बेन रतवा,मितेश भाई पटेल के साथ ही अणुव्रत विश्व भारती के ट्रस्टी तेज करण जैन,सलाहकार कैलाश चंद्र जैन, उपाध्यक्ष, राजेश महाचंद सुराणा, जैन तेरापंथ समाज दिल्ली के अध्यक्ष सुखराज सेठिया,अणुव्रत इतिहास के संयोजक प्रमोद कुमार जैन,अणुव्रत आर्बिटेटर बोर्ड के सदस्य शांति लाल जैन,जनप्रतिनिधि सम्मेलन के संयोजक बाबूलाल दुग्गड,बीकानेर संभाग के प्रभारी विनोद कुमार बाछावत, पदम चंद दफ्तरी,अणुव्रत समिति दिल्ली के अध्यक्ष मनोज कुमार जैन, सचिव राजेश कुमार जैन, अनुविभा के सलाहकार सुरेश राज जैन,कानूनी सलाहकार नवनीत दुग्गड,नवीन शर्मा, अणुव्रत से जुड़े गोपेन्द्र नाथ भट्ट और अणुव्रत ट्रस्ट के शांति लाल जैन पटावरी आदि भी मौजूद थे।

श्रीमद् भगवद् गीता यथारूप

- श्री नित्यानंद स्वामी, उपाध्यक्ष, ईस्कोन, वडोदरा.

अध्याय 10

श्रीभगवान् का ऐश्वर्य

नान्तोऽस्ति मम दिव्यानां विभूतीनां परन्तप |
एष तूद्देशतः प्रोक्तो विभूतेर्विस्तरो मया || ४० ||

न – न तो; अन्तः – सीमा; अस्ति – है; मम – मेरे; दिव्यानाम् – दिव्य; विभूतीनाम् – ऐश्वर्यों की; परन्तप – हे शत्रुओं के विजेता; एषः – यह सब; तु – लेकिन; उद्देशतः – उदाहरणस्वरूप; प्रोक्तः – कहे गये; विभूतेः – ऐश्वर्यों के; विस्तरः – विशद दर्शन; मया – मेरे द्वारा |

भावार्थ

हे परन्तप! मेरी दैवी विभूतियों का अन्त नहीं है | मैंने तुमसे जो कुछ कहा, वह तो मेरी अनन्त विभूतियों का संकेत मात्र है |

तात्पर्य

